
# सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 8

### ( भूगोल )

**अध्याय 3: कृषि**




**To get notes visit our website**

**mukutclasses.in**

## अभ्यास के प्रश्न

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**(i) कृषि क्या है?**
उत्तर: कृषि एक प्राथमिक क्रिया है। फसलों, फलों, सब्जियों, फूलों को उगाना तथा पशुपालन इसमें शामिल हैं।

**(ii) उन कारकों का नाम बताइए जो कृषि को प्रभावित कर रहे हैं।**
उत्तर: कृषि को प्रभावित करने वाले कारक:-
1. स्थल या धरती
2. मृदा
3. जलवायु

**(iii) स्थानांतरी कृषि क्या है? इस कृषि की क्या हानियाँ हैं?**
उत्तर: जब एक स्थान पर भूमि में उपजाऊपन खत्म हो जाता है तो दूसरे स्थान पर वनों को साफ करके कृषि की जाती है। इस प्रकार की कृषि को स्थानांतरी कृषि कहते हैं।

**(iv) रोपण कृषि क्या है?**
उत्तर: इस प्रकार की कृषि में एक स्थान पर फसलों की नर्सरी तैयार की जाती है फिर उनकी खेतों में रोपाई की जाती है।

**(v) सरकार किसानों को कृषि के विकास में किस प्रकार मदद करती है ?**
उत्तर: सरकार किसानों को कृषि के विकास में निम्न प्रकार से प्रकार मदद करती है:
1. अधिक उपज देने वाले उत्तम खाद व बीजों के उत्पादन में सहयोग किया।
2. सूखा, बाढ़, चक्रवात, आग एवं बीमारी जैसी घटनाओं से फसलों को बचने हेतु फसल -बीमा योजना लागू की गई ।
3. किसानों को कम दर पर ऋण दिलाने के लिए ग्रामीण बैंकों, सहकारी समितियाँ और बैंकों की स्थापना की गई।
4. किसानों को खेती में खर्च के लिए किसान क्रेडिट कार्ड दिया गया है।
5. रेडियो और टीवी पर विशेष किसान कार्यक्रम प्रसारित किए गए।
6. दलालों और बिचौलियों के शोषण से बचाने के लिए फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू किया गया।

**प्रश्न 2. सही उत्तर को चिह्नित कीजिए-**

**(i) उद्यान कृषि का अर्थ है**
**(क) गेहूँ उगाना**
**(ख) आदिम कृषि**
**(ग) फलों व सब्ज़ियों को उगाना**
उत्तर: (ग) फलों व सब्ज़ियों को उगाना

**(ii) 'सुनहरा रेशा ' से अभिप्राय है-**
**(क) चाय**
**(ख) कपास**
**(ग) पटसन**
उत्तर: (ग) पटसन

**(iii) कॉफी का प्रमुख उत्पादक है-**

**(क) ब्राजील**
**(ख) भारत**
**(ग) रूस**
उत्तर: (क) ब्राजील

**प्रश्न 3. कारण बताइए-**

**(i) भारत में कृषि एक प्राथमिक क्रिया है।**
उत्तर: भारत में कृषि एक प्राथमिक क्रिया है क्योंकि प्राथमिक क्रियाओं में प्राकृतिक संसाधनों से उत्पादन और निष्कर्षण आता है। कृषि भी भूमि से उत्पादन की क्रिया है।

**(ii) विभिन्न फ़सलें विभिन्न प्रदेशों में उगाई जाती हैं।**
उत्तर: विभिन्न फसलों के लिए विभिन्न मृदा और जलवायु की आवश्यकता होती है। अतः विभिन्न फसलें अपने अनुकूल मृदा और जलवायु वाले प्रदेशों में उगाई जाती है।

**प्रश्न 4. अंतर स्पष्ट कीजिए-**

**(i) प्राथमिक क्रियाएँ और तृतीयक क्रियाएँ**
उत्तर:

| प्राथमिक क्रियाएँ | तृतीयक क्रियाएँ |
|---|---|
| 1. प्राथमिक क्रियाओं के अंतर्गत वे क्रियाएं आती है जिनका संबंध प्राकृतिक संसाधनों के उत्पादन और निष्कर्षण से है।<br>2. इसमें कृषि और खनन क्रियाएं आती है। | 1. तृतीयक क्रियाएं प्राथमिक और द्वितीयक क्रियाओं को सेवाएं प्रदान करती है<br>2. इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, परिवहन, आदि क्रियाएं आती है। |

**(ii) निर्वाह कृषि और गहन कृषि**
उत्तर:

| निर्वाह कृषि | गहन कृषि |
|---|---|
| 1. निर्वाह कृषि परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बड़े खेतों में बिना संसाधनों के फसल उगाई जाती है।<br>2. इसमें सिंचाई वर्षा पर निर्भर होती है।<br>3. इसमें कम पूंजी की आवश्यकता होती है। | 1. गहन कृषि में छोटे खेतों में अधिक श्रम व साधनों से अधिक फसलें उगाई जाती है।<br>2. इसमें सिंचाई कुओं व नलकूपों द्वारा की जाती है।<br>3. इसमें अधिक पूंजी की आवश्यकता होती है। |

**प्रश्न 5. क्रियाकलाप-**

**(i) बाज़ार में उपलब्ध गेहूँ, चावल, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, तिलहन और दलहन के बीजों को एकत्र कीजिए। उन्हें कक्षा में लाइए और पता लगाइए कि वे किस प्रकार की मृदा में उगते हैं?**
उत्तर:

| फसल का नाम | मृदा का प्रकार |
|---|---|
| गेहूँ | जलोढ़ मृदा |

MUKUTclasses

| | |
|---|---|
| चावल | चीका युक्त जलोढ़ मृदा |
| मक्का | जलोढ़ मृदा |
| ज्वार | बलुआ, जलोढ़ मृदा |
| बाजरा | बलुआ, जलोढ़ मृदा |
| ज्वार | जलोढ़ मृदा |
| रागी | बलुआ, जलोढ़ मृदा |
| तिलहन | जलोढ़ मृदा |
| दलहन | जलोढ़ मृदा |

**(ii) पत्रिकाओं, पुस्तकों, समाचारपत्रों और इंटरनेट से संगृहीत चित्रों के आधार पर संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के किसानों की जीवन शैली के मध्य अंतर पता कीजिए ।**

उत्तर:

**भारत के किसानों की जीवन शैली:-**





**संयुक्त राज्य अमेरिका के किसानों की जीवन शैली:-**





